हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 34 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 27 .0 डिग्री से.

10 सरकार सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध




10 जागरूक नागरिक सशक्त लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में ट्रक चालक की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक ट्रक चालक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।गांव तलवंडी नाहर, जिला अमृतसर (पंजाब) निवासी मेजर सिंह ने जुलाना थाना पुलिस को दी शिकात में बताया कि उसका चाचा कश्मीर सिंह तीस जून को गांव किलाजफरगढ़ के निकट ट्रक लेकर गुजर रहा था।

### बुक डिपो पर मिले 14 घरेलू गैस सिलेंडर

**जींद।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की एक टीम ने नरवाना में एक बुक डिपो पर छापा मारकर 14 घरेलू सिलेंडर बरामद किए हैं। पुलिस ने बुक डिपो संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर रोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया किउन्हें सूचना मिली थी कि दीपक बुक डिपो पर गैस कालाबाजारी हो रही है। इस सूचना के आधार पर उन्होंने छापा मारा तो वहां से तीन भरे हुए और 11 खाली सिलेंडर बरामद किए।

### मारपीट में एक घायल तीन के खिलाफ केस

**जींद।** गांव बुढ़ाखेड़ा लाठर में दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी में एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में सुमित ने बताया कि वह अपने घर से 29 जून को देखने जा रहा था इसी दौरान रजवाहे पर साहिल वासी हथवाला और अंकित वासी बुढ़ाखेड़ा लाठर मिल गए और उनके साथ उसकी पुरानी बात को लेकर कहासुनी हो गई और उसके बाद साहिल और अंकित ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### विज्ञापन देख मिलाया फोन 1.85 लाख का लगा चूना

**जींद।** साइबर ठगों द्वारा फेसबुक पर विज्ञापन देख एक व्यक्ति को एक लाख 85 हजार का चूना लगाने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पेगां निवासी सतीश ने साइबर थाना पुलिस को गांव की सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि गत एक जून को उसने फेसबुक पर मोबाइल टावर का एक विज्ञापन देखा था। जब उसने नंबर पर संपर्क किया तो एक महिला ने फोन उठाया और उसने स्वयं का नाम पूजा शर्मा बताते हुए टावर लगवाने की बात की थी।

### मकान से लाखों का सामान चोरी, केस

**जींद।** गांव धरौदी में एक मकान से चोरों ने लाखों रुपये के जेवर और नगदी चोरी कर ली। चोरी की यह घटना उसे समय हुई जब मकान मालिक खेतों में गए हुए थे। नरवाना सदर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव धरौदी निवासी कलीराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 जून को करीब 11.00 बजे वह उसकी पत्नी खेत में काम करने के लिए गए थे और उसका लड़का साहिल पशुओं को पानी पिलाने के लिए जोहड़ पर गया हुआ था।

### दहेज के लिए किया प्रताड़ित, केस दर्ज

**जींद।** महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने के पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उचाना थाना क्षेत्र के तहत गांव घोघडियां निवासी अन्नू ने पुलिस को दी शिकातय में बताया कि उसकी शादी बिंद्र के साथ साल 2022 में हुई थी। शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके पति ने दहेज में मिला हुआ सामान भी पास रख लिया है।

## कैथल में निकासी न होने से कई जगह दुकानों में घुसा पानी, लोगों को उठानी पड़ी भारी परेशानियां

# पानी निकासी के दावों की खुली पोल

**कैथल में करीब तीन घंटे तक झमाझम बारिश**

**धान सहित खरीफ फसलों के लिए बारिश लाभदायक साबित होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। छात्रावास रोड पर जमा पानी से गुजरते वाहन। फोटो :हरिभूमि

जिले में वीरवार अल सुबह हुई मानसून की पहली बरसात के चलते शहर की सड़कें व चौक जलमग्न हो गए। छात्रावास रोड पर करीब एक से डेढ पानी जमा हो गया तथा कई दुकानों में भी घुस गया। वीरवार को सुबह करीब तीन घंटे तक झमाझम बारिश हुई। जिले में औसतन 12.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक बारिश राजौंद क्षेत्र में 25 एमएम दर्ज की गई, जबकि सबसे कम बारिश ढांड में 7 मिमी दर्ज हुई। बारिश से मौसम सुहावना हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। हालांकि राहत के साथ ही पहली ही बारिश ने प्रशासन की तैयारियों की पोल भी खोलकर रख दी। समय रहते नालों और जल निकासी व्यवस्था की सफाई नहीं होने के कारण शहर के कई प्रमुख मार्गों और निचले इलाकों में पानी भर गया। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आठ बजे के बाद दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, जिससे तेज धूप नहीं निकली और मौसम अपेक्षाकृत ठंडा बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार जिले का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बरसात के दौरान शहर के कई मुख्य बाजार के नजदीक कबूतर चौक, छात्रावास रोड, नगरपरिषद कार्यालय के सामने, अंबाला रोड, करनाल रोड व चौराहों पर जलभराव की स्थिति बन गई। कई स्थानों पर नालियां ओवरफ्लो हो गईं, जिससे बारिश का पानी सड़क पर फैल गया। दोपहिया वाहन चालकों को पानी से भरी सड़कों पर सावधानी के साथ निकलना पड़ा, जबकि कई जगह वाहनों की रफ्तार धीमी होने से यातायात भी प्रभावित हुआ। पैदल चलने वाले लोगों को भी पानी भरी सड़कों से होकर गुजरना पड़ा। शहरवासी सोनू, रामपाल, कृष्ण आदि ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रति वर्ष मानसून से पहले नालों की सफाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली बारिश में ही जलभराव यह साबित कर देता है कि सफाई कार्य पूरी तरह प्रभावी नहीं रहा। लोगों ने जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने और नियमित सफाई कराने की मांग की ताकि आगामी दिनों में होने वाली बारिश के दौरान ऐसी स्थिति दोबारा न बने। बारिश का सबसे अधिक लाभ किसानों को मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों का कहना है कि धान सहित खरीफ फसलों के लिए बारिश लाभदायक साबित होगी। यदि आने वाले दिनों में भी इसी प्रकार संतुलित बारिश होती रही तो सिंचाई पर होने वाला खर्च कम होगा और फसलों को पर्याप्त नमी मिलेगी। धान रोपाई में भी तेजी आएगी।

### पांच दिन बारिश होने की संभावना

कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक डा. रमेश चंद्र ने बताया कि मानसून सक्रिय हो गया है। अगले पांच दिनों तक बीच-बीच में बारिश होने की संभावना बनी रहेगी।

### राजौंद के मुख्य मार्ग की बदहाल स्थिति उजागर



**राजौंद।** शहर के मुख्य मार्ग पर मौसम की पहली बारिश ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। सड़क पर जलभराव के कारण पैदल आवागमन भी कठिन हो गया है। राहगीरों, चालकों व दुकानदारों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने इस स्थिति पर रोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि सड़क की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन और संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों के अनुसार, सड़क निर्माण न होने के कारण उन्हें हर मौसम में अलग-अलग परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कभी सड़क पर बिखरे पत्थर परेशानी का कारण बनते हैं, तो कभी उड़ती धूल से दिक्कत होती है, और अब बारिश के पानी ने हालात और अधिक खराब कर दिए हैं। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि सड़क की जर्जर स्थिति और जलभराव के कारण उनका व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि दुकानों का किराया तक निकालना मुश्किल हो गया है और वे लगातार आर्थिक मंदी से जूझ रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि कई दुकानदार पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं।दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके।



जींद। बारिश के चलते बत्तख चौक के निकट जमा बरसाती पानी से गुजरती महिलाएं।

### जींद में आंधी के साथ मानसून की पहली ही बरसात से बिजली बाधित

**जींद।** जिले में बुधवार की तरह वीरवार भी बूंदाबांदी और बारिश हुई। जिससे मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। वीरवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि हवा की गति छह किलोमीटर प्रति घंटा व मौसम में आद्रता 56 प्रतिशत दर्ज की गई।

नरवाना में सात एमएम, जुलाना में छह एमएम, जींद और सफीदों में दो-दो एमएम, उचाना और पिल्लूखेड़ा में तीन-तीन एमएम तथा अलेवा में पांच एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं किसानों के चेहरों पर भी उम्मीद की मुस्कान लौट आई है। यदि आने वाले दिनों में भी इसी तरह समय-समय पर बारिश होती रही तो खरीफ फसलों के लिए यह मौसम काफी अनुकूल साबित हो सकता है। हालांकि बारिश और आंधी के कारण ज्वार की फसल पूरी तरह से बिछ गई है। वीरवार सुबह ही मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह करीब चार बजे शुरू हुई तेज हवाओं के बाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हलकी से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। तेज आंधी के कारण बिजली व्यवस्था पर भी असर पड़ा। मौसम में आए इस बदलाव ने जहां एक ओर लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत दी है।

## बरसात के बाद तुरंत हो पानी की निकासी जलभराव बिल्कुल नहीं होगा सहनः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि मानसून का सीजन शुरू हो चुका है। इसलिए समय रहते जो भी नालों, नालियों एवं सीवरेज या ड्रेनों की सफाई का कार्य शेष बचा हुआ है, उसे जल्द पूरा कर लें। शहर में कई जगहों पर जलभराव की सूचनाएं हैं। सभी जगह सुनिश्चित करवाएं कि बारिश के तुरंत बाद पानी की निकासी हो जाए और जलभराव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीसी अपराजिता वीरवार को अपने कार्यालय में आयोजित बैठक में स्थानीय निकाय, जनस्वास्थ्य एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी डिस्पोजल हैं, वे चालू हालत में होने चाहिए। सभी डिस्पोजल पर मॉनिटरिंग के लिए अपने स्टॉफ सदस्यों की नियुक्ति करवाएं। डीएमसी जल्द नालों की सफाई व मरम्मत किए जाने संबंधी रिपोर्ट दें। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी डिस्पोजल चालू हालत में रहें और उन पर 24 घंटे कर्मचारी तैनात हों, ताकि बारिश के तुरंत बाद पानी की निकासी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि बारिश में जलभराव से परेशानी होती है। इसीलिए समय रहते साफ-सफाई सुनिश्चित करवाएं।

### ये रहे मौजूद

डीसी ने नगर परिषद अध्यक्षा सुरभि गर्ग से भी आह्वान किया कि वे शहर में स्वयं नालों का निरीक्षण करें। नालों की साफ-सफाई सुनिश्चित करवाएं। इस अवसर पर एडीसी डा. सुशील कुमार, डीएमसी कपिल शर्मा भी मौजूद रहे।

## राजौंद उप तहसील परिसर में घुसा बारिश का पानी

- आमजन, कर्मचारियों और अधिकारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। तहसील कार्यालय में बरसात के बाद भरा पानी का दृश्य।

इस मौसम की पहली ही बरसात ने राजौंद के उप तहसील कार्यालय की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। हल्की बारिश के बाद ही पूरा परिसर पानी से लबालब भर गया, जिससे कार्यों के लिए आने वाले आमजन, कर्मचारियों और अधिकारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति यह रही कि लोगों को दफ्तर तक पहुंचने के लिए पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। इससे न केवल असुविधा बढ़ी, बल्कि हादसे का खतरा भी बना रहा। इस संबंध में नायब तहसीलदार सुभाष चंद ने बताया कि वर्तमान इमारत राजस्व विभाग की नहीं है, बल्कि लंबे समय से नगर पालिका की इमारत में ही उप तहसील कार्यालय संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन उपयुक्त स्थान उपलब्ध न होने के कारण इसी भवन में कार्य करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निजी भवन किराए पर लेना संभव नहीं है,क्योंकि विभाग और सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही कार्य किया जाता है। हालांकि,नए अप तहसील कार्यालय के निर्माण को लेकर सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं,लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। जब तक नया भवन तैयार नहीं होता, तब तक इस प्रकार की असुविधाजनक परिस्थितियों में ही कार्य करना विभाग की मजबूरी बनी हुई है।

## पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



पासपोर्ट सेवा केंद्र शुरू करने की मांग करते प्रधान राजकुमार गोयल व अन्य पदाधिकारी।

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर एवं जींद विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा के नाम पत्र लिख कर जिले में जल्द से जल्द पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित कराने की मांग उठाई है। डा. गोयल ने कहा कि हरियाणा के अधिकांश जिलों में पासपोर्ट सेवा केंद्र संचालित हैं लेकिन जींद जैसे महत्वपूर्ण जिले के नागरिक आज भी इस बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। हिसार जैसे जिलों में एयरपोर्ट तक बन गए हैं लेकिन जींद में आज तक पासपोर्ट तक नहीं बनते। बैठक का मुख्य विषय जींद में स्थायी पासपोर्ट सेवा केंद्र की स्थापना था। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस जनहित के मुद्दे को सरकार और प्रशासन के समक्ष लगातार उठाया जाएगा ताकि जिले के लाखों लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके। डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि जींद जिले के विद्यार्थियों, युवाओं, व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों तथा विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने के लिए हिसार, करनाल, रोहतक, पानीपत अथवा अन्य जिलों में जाना पड़ता है। इससे लोगों का समय और पैसा दोनों बर्बाद होते हैं।

### पति और देवर पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**कलायत।** कलायत के गांव शिमला की महिला ने अपने पति व देवर पर कुछ लोगों के साथ मिलकर खेत में बने घर में घुसकर लाठी-डंडों और कस्सी के बिंडे से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। घटना से जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसमें कुछ लोग लाठी-डंडों से हमला करते दिखाई दे रहे हैं। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया है। पीड़िता ने कैथल एसपी को लिखित शिकायत दी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दी शिकायत में शिमला निवासी रेखा ने बताया कि उसकी शादी 21 वर्ष पूर्व कैथल के पास गांव भानपुरा निवासी रामचंद्र के साथ हुई थी। आरोप है कि 30 जून की सुबह उसका पति, देवर और गांव के कुछ अन्य लोग खेत में बने मकान में जबरन दाखिल उन पर जानलेवा हमला कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाने के दौरान विलाप करते हुए परिजन।

पटियाला चौक स्थित ईश्वर नगर में गुरूवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ईश्वर नगर निवासी रमेश की पत्नी गीता (45) को वीरवार सुबह उल्टी व दस्त की शिकायत हो गई थी। जिस पर परिजन तुरंत उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। जहां उसकी हालात और ज्यादा बिगड़ गई। इसके बाद परिजन उसे नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतका घरेलू कामकाज करती थी वहीं उसका पति ऑटो चलाता है। उसके एक बेटा मोबाइल फोन की दुकान पर लगा है वहीं एक बेटा जागरण में अभिनय करता है। जांच अधिकारी भगवत दयाल शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मृतका के शव का नागरकि अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जिले के लोगों के लिए खुशखबरी : नागरिक अस्पताल को मिली तीन एएलएस एंबुलेंस

# जींद स्वास्थ्य विभाग का एंबुलेंस बेड़ा मजबूत

- स्वास्थ्य विभाग लंबे समय से कर रहा था एएलएस एंबुलेंस की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद




नागरिक अस्पताल में खड़ी एंबुलेंस।

जिला के लोगों के लिए खुशखबरी है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने नागरिक अस्पताल जींद को तीन एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस उपलब्ध करवाई हैं। इस समय जो स्वास्थ्य विभाग के एएलएस एंबुलेंस थी, उसके किलोमीटर पूरे हो चुके थे। जोकि सड़क पर चलने के लायक नही थी। ऐसे में काफी लंबे समय से एएलएस एंबुलेंस की डिमांड की जा रही थी। अब स्वास्थ्य विभाग को मिली तीन एएलएस एंबुलेंसें सामान्य एंबुलेंस से काफी उन्नत हैं। इनमें गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए आधुनिक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं। एएलएस एंबुलेंसों में कार्डियक मॉनिटर, डिफिब्रिलेटर, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सपोर्ट, इन्फ्यूजन पंप, स्पाइन बोर्ड, स्ट्रेचर और अन्य जरूरी इमरजेंसी उपकरण लगे होते हैं। इनमें प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ भी तैनात रहता है जो रास्ते में ही मरीज को प्राथमिक उपचार मुहैया करा सकता है। इससे गंभीर हदयाघात, सांस की तकलीफ दुर्घटना और अन्य इमरजेंसी मामलों में मरीज की जान बचाने की संभावना काफी बढ़ जाती है। तीनों एएलएस एंबुलेंस संचालित होने से जिले के दूर दराज के क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को बेहतर और समय पर इमरजेंसी सेवाएं मिल सकेंगी। पहले केवल बेसिक लाइफ सपोर्ट वाली एंबुलेंस पर निर्भरता थी जो गंभीर मामलों में पर्याप्त नहीं होती थी। जिले में स्वास्थ्य विभाग के पास लगभग 29 एंबुलेंस हैं। इनमें से 12 एंबुलेंस अपना समय पूरा कर चुकी हैं। इसके बावजूद भी वह सड़क पर सरपट दौड़ रही थी। स्वास्थ्य विभाग पिछले काफी समय से नई एंबलेंस को लेकर प्रयासरत था। समय पूरा करने के बाद एंबुलेंस को चलाए रखना मरीजों की जान जोखिम में डालने से कम नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने दस एंबुलेंस की मांग भेजी थी, लेकिन तीन एंबुलेंस मिल गई हैं।

### ट्रेनिंग का पूरा ध्यान रखा जाएगा

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि नई एएलएस एंबुलेंसों के आने से स्वास्थ्य विभाग की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। अब जिले में कुल एंबुलेंसों की संख्या बढने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को फायदा होगा। क्योंकि उन्हें अब जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्नत चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। इन एएलएस एंबुलेंसों का रखरखाव और स्टाफ की ट्रेनिंग का पूरा ध्यान रखा जाएगा ताकि इनका अधिकतम उपयोग हो सके।

## हनी ट्रैप में फंसी महिला ने करवाया दुष्कर्म का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सदर थाना क्षेत्र की फैक्टरी में कारोबारी व उसके नौकर द्वारा दुष्कर्म किए जाने पर पीड़िता की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वहीं हार्डवेयर स्पेयर पार्ट कारोबारी तथा उसके नौकर को हनी ट्रैप में फांस ब्लैकमेल कर ऐंठने तथा समझौते के नाम पर तीस लाख की डिमांड करने में पुलिस ने दुष्कर्म पीड़िता सहित तीन महिलाओं के खिलाफ ब्लैकमेल करने, अवैध वसूली करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत पहले ही मामला दर्ज किया हुआ है। पुलिस दोनों ही मामलों की जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सदर थाना के तहत एक फैक्टरी में काम करती है। फैक्टरी मालिक हबीब व मैनेजर मोनू द्वारा उसे झांसे में लेकर दुष्कर्म किया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि वह इस दौरान गर्भवती भी हुई। दोनों ने मिल कर गर्भपात भी करवाया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर फैक्टरी मालिक-मैनेजर के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट करने व जबरन गर्भपात करवाने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### आज उचाना आएंगे सांसद जयप्रकाश

**उचाना।** हिसार लोकसभा से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश 3 जुलाई को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह उचाना पहुंचेंगे। यह जानकारी वीरेंद्र प्रधान ने देते बताया कि सांसद जयप्रकाश प्रत्येक माह के पहले शुक्रवार को उचाना पहुंचकर कार्यकर्ताओं एवं आमजन से मुलाकात करते हैं। इस दौरान वे लोगों की समस्याएं सुनते हैं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई करवाने का प्रयास करते हैं। वीरेंद्र प्रधान ने क्षेत्र के लोगों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पहुंचकर अपनी समस्याएं सांसद के समक्ष रखने की अपील की है।

### दो किसानों के खेतों से कीमती उपकरण चोरी

**जींद।** जिला में अलग-अलग स्थानों से दो किसानों के खेतों से चोरों ने कीमती उपकरण चोरी कर लिए। संबंधित थाना पुलिस ने पीड़ित किसानों की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लजवाना खुर्द निवासी गिरधर ने जुलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात को चोरों ने उनके खेत से तीन बीएचपी की सोलर मोटर चोरी कर लिया। उधर, गांव धड़ौली निवासी इंद्रावती ने पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस को शिकायत दी है।

### समाधान शिविर में सुनी एसडीएम ने समस्याएं

**जींद।** जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने वीरवार को अपने कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित कर आमजन की समस्याएं सुनी। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम होशियार सिंह ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### कल बीएलए-2 से मीटिंग करेंगे पूर्व मंत्री बीरेंद्र सिंह

**उचाना।** कांग्रेस बीएलए-1 जुगमिंद्र कोच ने बताया कि 4 जुलाई को उचाना स्थित राजीव गांधी कालेज में कांग्रेस बीएलए-2 की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता चौ. बीरेंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे और बीएलए-2 को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। जुगमिंद्र कोच ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ निर्वाचन संबंधी कार्यों एवं विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। सभी संबंधित बीएलए-2 से समय पर बैठक में पहुंचने और अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने की अपील की।

### बीएलए-2 की 9 जुलाई को बैठक लेंगे दुष्यंत चौटाला

**उचाना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 9 जुलाई को उचाना स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में जेजेपी बीएलए-2 की बैठक को संबोधित करेंगे। जेजेपी हलकाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने बताया कि हरियाणा में 14 जुलाई तक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चल रहा है। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बीएलए-2 के साथ एसआईआर अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा करेंगे। साथ ही अभियान को प्रभावी ढंग से सफल बनाने, मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रगति तथा बीएलए-2 की जिम्मेदारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे।

### ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगा

**जींद।** हरियाणा शुगर मिल जींद द्वारा नागरिक अस्पताल जींद के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा शुगर मिल के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर में 40 से अधिक लोगों ने अपना पंजीकरण करवाया और जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं के उत्साह और समाजसेवा की भावना ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

### चेयरमैन जसमेर सिंह बंजारा ने बैठक को किया संबोधित

# सरकार सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध

### पात्र लोगों को संचालित योजनाओं का लाभ दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू कल्याण बोर्ड के चेयरमैन जसमेर सिंह बंजारा ने कहा कि विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जातियों के पात्र लोगों की पहचान कर उन्हें सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए। सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। चेयरमैन जसमेर सिंह बंजारा गुरुवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। डीएनटी के चेयरमैन जसमेर सिंह बंजारा ने कहा कि हरियाणा सरकार समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा विमुक्त एवं घुमंतू समुदाय के लोगों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुंचे। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, छात्रवृत्तिए पेंशन तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ डीएनटी जाति के पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी इन लोगों तक अवश्य दी जाए ताकि जानकारी के अभाव में कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। चेयरमैन बंजारा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों और शहरी क्षेत्रों में जहां भी डीएनटी समाज के लोग रहते हैए उनके लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएं तथा शिविरों के माध्यम से पात्र लोगों के आवेदन भर कर उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जाए और पात्र लाभार्थियों को बिना किसी अनावश्यक देरी के लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जींद हांसी रोड स्थित टपरिवास कॉलोनी में रह रहे लोगों के लिए बिजली, पीने के स्वच्छ पानी, सीवरेज की सफाई व्यवस्था, वहां रह रहे लोगों के आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, वोटर कार्ड, जाति प्रमाण पत्र जैसी मुलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियो से मीट मार्केट के पास रह रहे लोगों के लिए शौचालय बनाए गए हैं, जो अभी तक पूर्ण नही है।



जींद। बैठक को संबोधित करते हरियाणा विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू कल्याण बोर्ड के चेयरमैन जसमेर सिंह बंजारा।

#### ये रहे मौजूद

इन शौचालयों का अधुरा पड़ा निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाएं और पानी की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा कि इन कॉलोनियों में रह रहे लोगों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जाए। एसडीएम सत्यवान सिंह मान, डीएसपी संदीप कुमार, नगर पालिका ईओ सुशील कुमार, डा. नवनीत, चुनाव तहसीलदार प्रदीप सरोहा, डीएनटी के प्रदेश सचिव मास्टर सुनील कुमार, रमेश, सत्यनारायण, हवा सिंह, दीदार सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

---

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने वीसी को सौंपा ज्ञापन

- जींद विवि में स्वतंत्र इंजीनियरिंग विभाग की स्थापना की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को चौधरी रणबीर सिंह विवि के कुलगुरु के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल एवं कुलाधिपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय में स्वतंत्र एवं पूर्ण विकसित इंजीनियरिंग विभाग की स्थापना की मांग की। एबीवीपी जींद विवि सतविंदर ढिल्लों ने कहा कि विवि में तकनीकी एवं इंजीनियरिंग शिक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाना पर्याप्त नहीं है। यदि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा, आधुनिक प्रयोगशालाएं, अनुसंधान, नवाचार तथा उद्योगों के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है तो विवि में एक स्वतंत्र एवं समर्पित इंजीनियरिंग विभाग की स्थापना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आज के दौर में इंजीनियरिंग केवल रोजगार का माध्यम नही बल्कि नवाचार, स्टार्टअप, अनुसंधान, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। प्रदेश एवं देश के विकास में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में किसी भी विवि में तकनीकी शिक्षा का प्रभावी संचालन तभी संभव है। जब उसके लिए स्वतंत्र शैक्षणिक ढांचा, प्रशिक्षित संकाय, आधुनिक प्रयोगशालाएं एवं पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों।



जींद। मांगों को लेकर वीसी को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता।

### छह वर्ष से हत्या के मामले में फरार भगौड़ा गिरफ्तार

**जींद।** जींद पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर सफीदों पुलिस ने छह साल से फरार हत्या के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ कर रही है। थाना सदर सफीदों के प्रभारी राजेश कुमार ने गुरूवार को जानकारी देते हुए बताया कि चार जुलाई 2020 को गांव सिल्लाखेड़ी स्टेडियम में खून से लथपथ गांव के ही अंकित का शव बरामद हुआ था। अंकित की गोली मार हत्या की गई थी। मृतक के पिता कर्णसिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका बेटा अंकित गाडियां चलाता था। गांव का ही दीपक उसे बुला कर अपने साथ ले गया था। जिसके बाद अंकित घर वापस नहीं लौटा। उन्हें सूचना मिली कि अंकित का शव स्टेडियम में पड़ा हुआ है।

# ना ताज, ना तख्त का नशा चाहिए मुझे तो सच का आईना चाहिए....

- महिला काव्य मंच जींद ईकाई द्वारा ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महिला काव्य मंच जींद ईकाई द्वारा ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की गई। राष्ट्रीय महासचिव सचिव सीमा शर्मा व श्री ने गोष्ठी में मुख्यअतिथि की भूमिका निर्वहन की। सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुई गोष्ठी में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की प्रांतीय अध्यक्ष मंजू रेढू व जींद अध्यक्षा मंजू मानव के साथ कई गणमान्यों ने शिरकत की। कबीर जयंती विषय पर आयोजित काव्य गोष्ठी मे जींद इकाई की कवयित्रियों ने भाग लेते कबीर की साखी व शब्द का जीवन के विभिन्न आयामों पर भावात्मक प्रभाव को दर्शाती अपनी प्रस्तुतियां कुछ इस प्रकार दी। गोष्ठी की मुख्य अतिथि सीमा शर्मा ने कहा कि मसि कागद छुओ नही कही दिल की बात। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की प्रांतीय अध्यक्ष मंजू रेढू ने कबीर जयंती पर कबीर वाणी की आज के जीवन में महती आवश्यकता व सार्थकता पर बल देते कहा कि ना ताज चाहिए, ना तख्त का नशा चाहिए, मुझे तो सच का आईना चाहिए और अपने आप से मिलने का हौंसला चाहिए।

---

### अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं भाजपाई

**उचाना।** पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में गुरूवार को को भाजपा की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में उचाना के विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संगठन के विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की प्रगति की समीक्षा करते इसे प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। विधायक ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं और पात्र मतदाताओं तक इसकी जानकारी पहुंचाकर उन्हें प्रक्रिया में सहयोग के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा केंद्र एवं हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने, बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की । बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, जिला प्रभारी मदनलाल गोयल, पूर्व जिला महामंत्री, राज सैनी, डॉ. रामचंद्र जांगड़ा मौजूद रहे।



उचाना। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में आयोजित भाजपा की मीटिंग।





जींद। बैठक में निर्देश देते डीसी डॉ. वैशाली। फोटो :हरिभूमि

### लंबित शिकायतों का जल्द निस्तारण करने के निर्देश

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सीएम विंडो, जन संवाद, समाधान शिविर, एसएमजीटी तथा पीजी पोर्टल से संबंधित शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीसी ने कहा कि प्रदेश सरकार जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। ऐसे में सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि शिकायतों का समयबद्धए पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएए ताकि आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्ष 2018 से 2023 तक की सभी लंबित शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर तथा 2024 से 2025 की लंबित शिकायतों का निस्तारण अगले 15 दिनों में सुनिश्चित किया जाए। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और प्रत्येक शिकायत का समाधान पूरी जिम्मेदारी के साथ किया जाए।

### एसआईआर में ढिलाई नहीं चलेगी: एसडीएम

**उचाना।** संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय में गुरूवार को उचाना विधानसभा क्षेत्र के सभी राजनीतिक दलों के बीएलए-1 (बूथ लेवल एजेंट) की एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) समीक्षा बैठक एसडीएम एवं निर्वाचन पंजीयन अधिकारी रमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में एसआईआर कार्य की प्रगति, बीएलओ के प्रदर्शन और मतदाता सत्यापन अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान कांग्रेस प्रतिनिधि जुगमिंद्र कोच ने सुझाव दिया कि सभी राजनीतिक दलों के व्हाट्सएप ग्रुप में प्रतिदिन एसआईआर की प्रगति रिपोर्ट साझा की जाए, ताकि जिन बूथों पर कार्य धीमा है वहां पार्टी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बीएलओ को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा सके। वहीं भाजपा के रमेश अत्री ने महिला बीएलओ के अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन का मुद्दा उठाया। एसडीएम रमित यादव ने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन आयोग एसआईआर अभियान को लेकर पूरी तरह गंभीर है और किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक छूट नहीं दी जाएगी।



एसडीएम कार्यालय में एसआईआर को लेकर बीएलए-1 की मीटिंग।





जींद। शिविर में शिकायतें सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### उपायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याए

**जींद।** लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को डीसी डा. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। डीसी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार एवं समयबद्ध ढंग से समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर सरकार और आमजन के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें बल्कि एक ही स्थान पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान हो सके। कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

---



जींद। बीएलओ को सम्मानित करते एसडीएम होशियार सिंह।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ किए सम्मानित

**जींद।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 34 जुलाना विधानसभा क्षेत्र के चार बीएलओ को एसडीएम एवं निर्वाचन पंजीयन अधिकारी होशियार सिंह ने अपने कार्यालय में वीरवार को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले बीएलओ में बूथ संख्या 93 की सरोज देवी, बूथ संख्या 44 के मनोज, बूथ संख्या 94 की मुकेश तथा बूथ संख्या 91 की सुनीता शामिल हैं। इन सभी बीएलओ ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत निर्धारित 14 जुलाई की समय सीमा से पहले अपने-अपने बूथों का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, कर्तव्यनिष्ठा और समयबद्ध कार्यशैली को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम होशियार सिंह ने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ समय पर पूरा करना प्रत्येक बीएलओ का दायित्व है।

# बच्चों को प्रेरित किया कि पेड़ लगाना ही नहीं बल्कि उसकी देखभाल करना भी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आधारशिला विद्यालय प्रांगण में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य, निदेशिका, शिक्षकों एवं एनसीसी के छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर में विभिन्न छायादार, फलदार एवं औषधिय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कविता, स्लोगन तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से वृक्षों के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। स्कूल के प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत व निदेशिका अंजू सिहाग ने बताया कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य का आधार बनता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि पेड़ लगाना ही नहीं बल्कि उसकी देखभाल करना भी जरूरी है। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए प्रत्येक वर्ष अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का वचन दिया।



जींद। विद्यालय परिसर में पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि





जींद। बाबा श्याम के दर्शन करते क्लब के सदस्य और उनके परिजन।

### क्लब सदस्यों ने किए चुलकाना धाम में श्याम बाबा के दर्शन

**जींद।** जेसीआई एल्यूमिनी क्लब जींद रीजन द्वारा शहर के गणमान्य बुजुर्ग एवं एल्यूमिनी क्लब के सदस्यों का एक धार्मिक टूर का आयोजन किया। इसमें सदस्यों ने चुलकाना धाम पहुंच कर श्री श्याम बाबा के दर्शन किए। क्लब के सदस्य पीआरओ अशोक खर्ब ने बताया कि इस टूर का मुख्य उद्धेश्य बच्चों में धर्म के प्रति आस्था एवं बुजुर्गों से ज्ञान प्राप्त करना एवं बच्चों में अपने माता-पिता एवं बड़ों की सेवा के संस्कार देकर बच्चों को अपनी सामाजिक एवं पारिवारिक जिम्मेवारी से अवगत कराना रहा। क्योंकि आज की इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में बच्चों में यह शिक्षा और संस्कार विलुप्त होते जा रहे हैं। साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए भी पारिवारिक वाटर पार्क का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रदीप शर्मा, प्रमोद कुमार, मुकेश सिंगला, पवन सिंगला, अजय गर्ग, सचिन, डा. जितेंद्र पाल आदि शामिल रहे।

---

### राजकीय महाविद्यालय में चला मतदाता जागरूकता अभियान

# जागरूक नागरिक सशक्त लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर 2026 कार्यक्रम) के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा के निर्देशन में 36 जींद विधानसभा क्षेत्र के डेडिकेटेड एईआरओ सत्यवान मलिक ने राजकीय महाविद्यालय जींद एवं राजकीय महाविद्यालय अलेवा में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, गैर शिक्षण कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, संशोधन एवं विलोपन के लिए निर्धारित प्रपत्रों, आवश्यक दस्तावेजों, बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की भूमिका, हेल्प डेस्क की सुविधाओं तथा दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। डेडिकेटेड एईआरओ सत्यवान मलिक ने बताया कि प्रतिभागियों को हरियाणा में संचालित एसआईआर 2026 के कार्यक्रम की समय सारिणी से भी अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन का कार्य 14 जुलाई तक चलेगा। इसके उपरांत 21 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। जबकि उनका निस्तारण 18 सितंबर तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितम्बर 2026 को होगा। उन्होंने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता की भूमिका, मतदान के महत्व तथा शत-प्रतिशत मतदाता पंजीकरण की आवश्यकता के प्रति जागरूक करते कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों की निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते प्राध्यापक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

#### अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दें

एईआरओ सत्यवान मलिक ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने परिवारए मित्रों एवं आसपास के सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के लिए प्रेरित करें तथा निर्वाचन आयोग के इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिक ही सशक्त लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत हैं।



जींद। हिमांशु को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### हिमांशु को मिला राजा रवि वर्मा छात्रवृत्ति सम्मान

**जींद।** अखिल भारतीय स्तर पर कला एवं सामाजिक गतिविधियों के क्षेत्र में कार्यरत सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी की ओर से ब्रह्मलीन हरिचंद मिढ्ढा की स्मृति में राजा रवि वर्मा छात्रवृत्ति सम्मान जींद के युवा कलाकार हिमांशु को प्रदान किया गया है। हिमांशु वर्तमान में चंडीगढ़ कला महाविद्यालय में द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। दिल्ली स्थित सोसाइटी कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रीय सलाहकार हरप्रीत सिंह ने सम्मान प्रदान करते हुए कहा कि संस्था का उद्धेश्य युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को उचित मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि विभिन्न छात्रवृत्ति सम्मानों के माध्यम से सोसाइटी नवोदित कलाकारों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रही है। सोसाइटी के उपाध्यक्ष आकाश गौड़ ने कहा कि संस्था वर्तमान में हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ यूटी के कला विद्यार्थियों को विभिन्न छात्रवृत्ति सम्मानों के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है। साथ ही बिहार और झारखंड में भी कला के क्षेत्र में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्धेश्य से विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

## यात्रियों को सिर पर बैग रखकर पैदल गंतव्य तक जाना पड़ा

# ऑटो यूनियन की हड़ताल से लोगों को उठानी पड़ी परेशानी

बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के ऑटो या ई-रिक्शा नहीं चला सकेंगे: सतपाल

- ऑटो यूनियन की हड़ताल रही। इसका व्यापक असर देखने को मिला
- सुबह 10 बजे से शुरू हुई हड़ताल के कारण आम लोगों को शहर में आने-जाने के लिए काफी दिक्कत उठानी पड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शहर में वीरवार को ऑटो यूनियन की हड़ताल रही। इसका व्यापक असर देखने को मिला। सुबह 10 बजे से शुरू हुई हड़ताल के कारण आम लोगों को शहर में आने-जाने के लिए काफी दिक्कत उठानी पडी। सबसे अधिक दिक्कत बुजुर्गों, महिलाओं, विद्यार्थियों, दुकानों और निजी संस्थानों में काम करने वाले कर्मचारियों को हुई। कई यात्रियों को सिर पर बैग रखकर पैदल अपने गंतव्य तक जाना पड़ा। बस अड्डे व करनाल रोड पर लोगों की लंबी पैदल आवाजाही देखने को मिली। हड़ताल के दौरान ऑटो यूनियन के सदस्य करनाल रोड स्थित हनुमान वाटिका के सामने एकत्रित हो गए। यहां से गुजरने वाले ऑटो चालकों को रोककर हड़ताल में शामिल होने के लिए कहा गया। कई ऑटो चालकों की चाबियां भी यूनियन के सदस्यों ने निकाल लीं। हालांकि किसी चालक ने इसका विरोध नहीं किया और अधिकांश चालक हड़ताल में शामिल हो गए। इससे सड़क पर चल रहे सवारी वाले ऑटो भी बंद हो गए और उनमें बैठे छोटे बच्चों, बुजुर्गों व अन्य यात्रियों को बीच रास्ते ही उतरना पड़ा।




कैथल। हनुमान वाटिका में खड़े आटो तथा हनुमान वाटिका के सामने एकत्रित हुए आटो चालक। फोटो : हरिभूमि

### सुबह ही बस अड्डे के बाहर लगी भीड़

सुबह से ही बस अड्डे के बाहर यात्रियों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। ऑटो नहीं मिलने के कारण लोग अपने सामान के साथ पैदल ही निकल पड़े। कई बुजुर्ग महिलाएं सिर पर बैग रखकर पैदल जाती दिखाई दीं। विद्यार्थियों को स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटर पहुंचने में देरी हुई, जबकि नौकरीपेशा लोगों और दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों को भी समय पर पहुंचने में परेशानी उठानी पड़ी।

### तीन घंटे सबसे ज्यादा रहा असर

हड़ताल का सबसे ज्यादा असर सुबह 10 बजे से दोपहर करीब एक बजे तक रहा। करीब एक बजे के आसपास 20 प्रतिशत के करीब ऑटो चालकों ने दोपहर बाद अपनी सेवाएं शुरू कर दीं, जबकि बाकी चालकों ने शाम चार बजे तक हड़ताल जारी रखी। बस अड्डा पर ऑटो चालकों ने बैठक की।

### एसपी ने रुककर की बातचीत

इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन भी करनाल रोड से गुजर रहे थे। उन्होंने अपनी गाड़ी रोककर ऑटो चालकों से बातचीत की।

### शहर में न्यूनतम किराया 20 रुपये रहेगा

प्रधान ऑटो यूनियन संजीव ने बताया कि बैठक में शहर के लिए ऑटो किराया भी निर्धारित किया गया। पीजीआई क्षेत्र को छोड़कर पूरे शहर में न्यूनतम किराया 20 रुपये रहेगा। मनमाना किराया वसूलने की शिकायत मिलने पर यूनियन और पुलिस दोनों स्तर पर कार्रवाई होगी। बैठक में सभी चालकों के लिए वर्दी पहनना और यूनियन की ओर से जारी पहचान पत्र गले में डालना अनिवार्य किया गया। इससे यात्रियों को चालक की पहचान करने में सुविधा होगी और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था अधिक भरोसेमंद बनेगी। बिना वर्दी या आई-कार्ड के वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में पांच हजार ऑटो चल रहे

जानकारी के अनुसार जिले में करीब पांच हजार ऑटो संचालित होते हैं। रोजाना करीब 15 हजार यात्री ऑटो में सफर तय करते हैं। शहर में कोई स्पेशल रोडवेज व आरटीए की परिवहन व्यवस्था नहीं है। केवल ऑटो पर शहर आधारित है। सुबह ही बस अड्डे की पार्किंग और हनुमान वाटिका के बाहर बड़ी संख्या में ऑटो खड़े दिखाई दिए, जबकि सामान्य दिनों में यही ऑटो शहर के विभिन्न मार्गों पर यात्रियों को ले जाते नजर आते हैं।

### नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

शहर में ऑटो और ई-रिक्शा संचालन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन तथा ऑटो यूनियन ने सख्त नियम लागू करने का फैसला लिया है। हनुमान वाटिका में आयोजित बैठक में यातायात थाना प्रभारी सतपाल ने स्पष्ट किया कि अब बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस कोई भी चालक ऑटो या ई-रिक्शा नहीं चला सकेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किए जाएंगे। नाबालिगों की ओर से वाहन चलाने पर भी कानूनी कार्रवाई होगी। पुलिस अनुसार प्रत्येक चालक के पास हर समय वैध ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का पंजीकरण प्रमाण पत्र, बीमा, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र सहित सभी जरूरी कागजात उपलब्ध होने चाहिए। जांच के दौरान कागज नहीं मिलने पर चालान किया जाएगा। साथ ही नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। बस अड्डा के सामने ऑटो खड़ा करने पर भी चालान होगा। छोटू राम चौक व पिहोवा चौक पर एक तरफ ऑटो लगाकर सवारी चढ़ानी व उतारी होगी।



सीवन। पत्रकारों से बात करते समिति के प्रधान संजय कंसल व अन्य।

## बाबा श्याम की असीम कृपा से सीवन में बनेगा भव्य मंदिर

- बड़ी नहर के समीप मिली लगभग 1200 गज भूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

श्री बाबा खाटू श्याम परिवार, सीवन की एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के प्रधान संजय कंसल की अध्यक्षता में वरिष्ठ सदस्य चिमनलाल गर्ग के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में बाबा श्याम के भावी मंदिर निर्माण की योजना, भूमि विकास, मंदिर के प्रारूप, श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा जनसहयोग को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में विश्वास व्यक्त किया कि बाबा श्याम की असीम कृपा से सीवन में ऐसा भव्य, दिव्य और आस्था का केंद्र बनेगा, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे। बैठक की जानकारी देते हुए सदस्य चिमनलाल गर्ग एवं संजू पंसारी ने बताया कि समिति को बड़ी नहर के निकट लगभग 1200 गज भूमि मंदिर निर्माण के लिए प्राप्त हो चुकी है। अब बाबा श्याम की कृपा और श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर निर्माण के कार्य को गति देने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल ईंट-पत्थरों का मंदिर नहीं होगा, बल्कि श्रद्धा, सेवा, भक्ति और सनातन संस्कृति का प्रेरणादायी केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि बैठक में मंदिर के आकर्षक एवं भव्य नक्शे, परिसर की रूपरेखा, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, विशाल सभा स्थल, हरित वातावरण, पार्किंग, पेयजल, प्रसाद वितरण, धार्मिक अनुष्ठानों तथा भविष्य में आयोजित होने वाले बड़े धार्मिक आयोजनों सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरता से चर्चा की गई। संजय कंसल ने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल मंदिर निर्माण नहीं, बल्कि ऐसा आध्यात्मिक धाम विकसित करना है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट में चली लाठी और गंडासी, एक घायल

कैथल। कस्बा कलायत के गांव चौशाला में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। पुलिस ने मामले में दो व्यक्तियों को नामजद किया है। गांव चौसाला के चतर सिंह ने थाना कलायत में दी शिकायत में बताया कि 30 जून को जब वह गांव से जा रहा था तो गांव के ही संदीप फौजी और बीमा ने उसका रास्ता रोकते हुए उसे पर लाठी डंडे तथा गंडासियों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक सुखदेव सिंह ने बताया कि पूरी से मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 28 वर्षीय युवती हुई लापता, मामला दर्ज

कैथल। पुंडरी थाना क्षेत्र के एक गांव से एक 28 वर्षीय युवती के बिना बताए घर से चले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुंडरी थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 27 जून को उसकी 28 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई। उसने उसके आसपास आज काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले की जांच अधिकारी एएसआई बबीता ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनी शिकायतें

गुहला-चीका। एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें एसडीएम मनीष कुमार यादव ने आमजन की शिकायतें व समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत व समस्या का समाधान समय रहते करना सुनिश्चित करें। आमजन को गुमराह न करें। लोगों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगानें पड़े।

### एडीसी ने किया दत्तक ग्रहण एजेंसी का निरीक्षण

कैथल। एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने वीरवार को कोठी गेट स्थित श्री सनातन धर्म सभा द्वारा संचालित बाल उपवन आश्रम (विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी) का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने आश्रम में रह रहे बच्चों तथा वृद्धजनों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने आश्रम के अधिकारियों से बच्चों की देखभाल, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सुरक्षा तथा दैनिक दिनचर्या से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

### चार जुलाई को विशाल जागरण का आयोजन

## सेरधा धाम को महाभारत का केंद्र मानने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

गांव सेरधा में धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए 4 जुलाई को सेरधा धाम श्याम मंदिर में विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस जागरण में कई प्रसिद्ध कलाकार भगवान श्याम का गुणगान करेंगे। आयोजन को लेकर आसपास के गांवों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और भारी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि जागरण की तैयारियां पिछले कई दिनों से लगातार चल रही हैं। मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है और श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में आस्था और एकता को बढ़ावा मिलता है। क्षेत्र में सेरधा धाम को लेकर धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व की चर्चाएं तेज हो गई है। मान्यताओं के अनुसार सेरधा को महाभारत काल का वास्तविक केंद्र बिंदु बताया जा रहा है, जहां कौरव और पांडव सेनाओं के बीच का मध्य स्थल माना जाता है। बताया जाता है कि सेरधा का नाम "सरहद" (सीमा) से बना है और यह स्थान कुरुक्षेत्र व जींद के रामराय क्षेत्र से लगभग 24-24 कोस की दूरी पर स्थित है, जिससे इसे दोनों के बीच का केंद्र माना जाता है। मान्यता है कि जब अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्ण से अपना रथ दोनों सेनाओं के बीच खड़ा करने को कहा, तो वह स्थान यही सेरधा की पवित्र भूमि थी।



राजौंद। गांव सेरधा में स्थित बाबा श्याम का मंदिर। फोटो : हरिभूमि



### पूंडरी विस में 23,976 परिवार योजना के अंतर्गत पंजीकृत

पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी राम जी) योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों को आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित बनाने का राष्ट्रीय मिशन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में ग्रामीण भारत के विकास की दिशा में यह ऐतिहासिक पहल है। संसद द्वारा पारित यह अधिनियम एक जुलाई 2026 से पूरे देश में लागू हो चुका है और दो जुलाई को इसका राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किया गया है। विधायक सतपाल जांबा वीरवार को बीडीपीओ कार्यालय पूंडरी में आयोजित वीबी जी राम जी के जिला स्तरीय जन सम्मेलन एवं शुभारंभ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जिला परिषद के चेयरमैन कर्मवीर कौल विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक जांबा ने कहा कि योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को 125 दिनों का सम्मानजनक रोजगार, आजीविका के बेहतर अवसर तथा जनभागीदारी के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने मनरेगा के तहत श्रमिकों की दैनिक मजदूरी 409 रुपये निर्धारित की है, जो देश के अधिकांश राज्यों से अधिक है। उन्होंने बताया कि पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में 23,976 परिवार वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत पंजीकृत हैं।

### पाक में गुरुद्वारा ध्वस्तीकरण की कड़े शब्दों में निंदा की

कैथल। गुरु तेग बहादुर सेवा दल कैथल एवं सिख संगत, जिला कैथल ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के फारूकाबाद (मंडी चूहरकाना) स्थित लगभग 125 वर्ष पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साहिब को कथित रूप से ध्वस्त किए जाने की घटना पर गहरा दुःख, आक्रोश एवं कड़ी निंदा व्यक्त की है। यह घटना विश्वभर के सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं पर गंभीर आघात है तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों के पवित्र स्थलों की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। संस्थाओं ने कहा कि गुरुद्वारा केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं होता, बल्कि वह हमारी आस्था, इतिहास, संस्कृति एवं विरासत का प्रतीक है। ऐसे पवित्र एवं ऐतिहासिक गुरुद्वारों को निशाना बनाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है।दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## मशरूम उत्पादन इंटर्नशिप के तहत विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

राजकीय महाविद्यालय राजौंद में चल रहे ऑन-कैंपस मशरूम उत्पादन इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण जिला कैथल के गांव पाई स्थित व्हाइट एनर्जी फूड्स एग्रीकल्चर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की मशरूम उत्पादन इकाई में करवाया गया। यह कार्यक्रम पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी, ग्योंग के निदेशक जगदीश कुमार के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीकों, उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग, विपणन तथा स्वरोजगार की संभावनाओं के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को उत्पादन से जुड़े विभिन्न चरणों का प्रत्यक्ष अवलोकन करवाया गया तथा इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर आरसेटी, ग्योंग के निदेशक जगदीश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मशरूम उत्पादन एक लाभकारी स्वरोजगार गतिविधि है, जिसे कम लागत में शुरू कर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान का उपयोग कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताते हुए मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं के प्रति उत्साह व्यक्त किया।



राजौंद। पाई स्थित मशरूम उत्पादन इकाई का भ्रमण करते हुए राजकीय महाविद्यालय राजौंद के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### राजौंद बिजली कर्मचारियों का अंबाला में रोष प्रदर्शन

राजौंद। सब यूनिट राजौंद के कर्मचारियों ने अपनी यूनियन के आह्वान पर अंबाला स्थित बिजली मंत्री के आवास पर आयोजित प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी मांगों को लेकर जोरदार आवाज बुलंद की। अम्बाला रवाना होने से पहले सब यूनिट राजौंद के प्रधान अश्वनी ढांडा ने कर्मचारियों को संबोधित करते कहा कि सभी साथी यूनियन के सच्चे हितैषी हैं। कहा कि खराब मौसम के बावजूद सभी कर्मचारियों ने अपने आंदोलन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि चाहे गर्मी हो, बारिश हो या ओलावृष्टि—हर परिस्थिति में संघर्ष पर डटे रहना है। विश्वास जताया कि कर्मचारियों की एकता और संघर्ष के दम पर सरकार और मैनेजमेंट को उनकी सभी मांगें मानने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

सौगात | नपा पूंडरी के लिए 3.40 करोड़ की परियोजना मंजूर करवाई : सतपाल जांबा

# हलके में बेहतर सड़क नेटवर्क और आधुनिक सीवरेज व्यवस्था उपलब्ध कराना प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विधायक सतपाल जांबा के प्रयासों से हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड द्वारा क्षेत्र की 6 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों के लिए 5 करोड़ 43 लाख 83 हजार रुपये की प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गई है। इन विकास कार्यों के लिए प्रशासनिक मंजूरी के साथ-साथ टेंडर प्रक्रिया भी शुरू करवा दी गई है, जिससे शीघ्र ही निर्माण कार्य धरातल पर शुरू होने की उम्मीद है। इसके अलावा पूंडरी शहर की सीवरेज व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत नगर पालिका पूंडरी के लिए 3 करोड़ 40 लाख रुपये की परियोजना भी मंजूर करवाई गई है। इस प्रकार क्षेत्र को कुल 8 करोड़ 83 लाख 83 हजार रुपये की विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात मिली है। स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित पत्र में पूंडरी नगर पालिका सहित संबंधित निकायों से सीवरेज परियोजना के लिए विस्तृत लागत अनुमान प्रस्तुत करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। स्वीकृत सड़क परियोजनाओं में साधवाला मोड़ से सत्संग भवन सांगरोली तक 1.52 किलोमीटर सडक़ के सुदृढ़ीकरण पर 45.40 लाख रुपये, बरोट से कैथल-पेहोवा मार्ग (132 केवी पावर हाउस थाना के निकट) तक 3.60 किलोमीटर सडक़ पर 1 करोड़ 82 लाख 36 हजार रुपये, गांव बकल की फिरनी को ऊंचा उठाने के कार्य पर 11.58 लाख रुपये, भाणा से सोंगल मार्ग के 5.60 किलोमीटर हिस्से पर 1 करोड़ 43 लाख 94 हजार रुपये, गांव हाबड़ी में नहर से डेरा बूटा सिंह तक 2.88 किलोमीटर सड़क पर 66.94 लाख रुपये तथा सांच-सिरसल मार्ग से हाबड़ी वाया डेरा बलदेव सिंह तक 3.31 किलोमीटर सड़क के सुदृढ़ीकरण पर 93.61 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।



पूंडरी। मंजूर करवाई गई विकास परियोजनाओं की जानकारी देते हुए विधायक सतपाल जांबा।

### सभी विकास कार्य तेजी से पूरे होंगे

पूंडरी शहर में लंबे समय से सीवरेज व्यवस्था को लेकर चली आ रही समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए स्वच्छ भारत मिशन (अर्बन) के अंतर्गत नगर पालिका पूंडरी के लिए 3 करोड़ 40 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत की गई है। इस योजना के तहत शहर की सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा गंदे पानी के बेहतर प्रबंधन के लिए आवश्यक कार्य कराए जाएंगे, जिससे हजारों शहरवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गांवों और शहर में बेहतर सडक़ नेटवर्क तथा आधुनिक सीवरेज व्यवस्था उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही सभी विकास कार्य तेजी से शुरू कराए जाएंगे और तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### कैथल की बेटी रिधिमा ने बढ़ाया जिले का मान



कैथल। जालंधर में राष्ट्रीय सब-जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कैथल की होनहार बेटी रिधिमा रापड़िया सुपुत्री रजत रापड़िया ने शानदार प्रदर्शन करते कर्नाटक की प्रतिद्वंद्वी को 5-0 के एकतरफा अंतर से पराजित कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया और जिला कैथल का गौरव बढ़ाया। गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जाट शिक्षण संस्थान, कैथल द्वारा रिधिमा का सम्मान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, सचिव रश्मि ढुल, कैशियर बलकार नैन, कार्यसमिति सदस्य मास्टर दलबीर, महावीर तारागढ़, सनी चौसला, राजपाल गुहाना, स्वतंत्र देवीगढ़, सत्यवान माजरा, महावीर कैलरम, कुलदीप ग्योंग, रजत रापड़िया, विक्रम सोंगल एवं जसवीर मानस उपस्थित रहे।

### नगर परिषद ने तैयार की जागरूकता पुस्तिका

कैथल। स्वच्छ एवं स्वस्थ कैथल के संकल्प को साकार करने की दिशा में नगर परिषद कैथल द्वारा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता पुस्तिका तैयार की गई है। डीसी अपराजिता ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में इस पुस्तिका का विमोचन किया। इस मौके पर उनके साथ नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, एडीसी सुशील कुमार, डीएमसी कपिल शर्मा मौजूद रहे। डीसी अपराजिता ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण केवल सफाई अभियान नहीं, बल्कि हमारे शहर को स्वच्छ, सुंदर, स्वस्थ और आधुनिक बनाने का एक जन आंदोलन है।

### एसडीएम ने सीवन में बीएलओ से लिया फीडबैक

सीवन। एसडीएम एवं एईआरओ मुनीष यादव ने बुधवार को क्षेत्र का दौरा कर मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। विभिन्न बूथों और क्षेत्रों में पहुंचकर बीएलओ तथा सुपरवाइजरों से फील्ड में किए जा रहे कार्यों का फीडबैक लिया तथा अभियान की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। दौरे के दौरान एसडीएम ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों से मुलाकात कर उन्हें मतदाता सूची पुनरीक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया। नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि बीएलओ द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे गणना प्रपत्रों को सही जानकारी के साथ भरकर समय पर जमा करवाएं।

### मुख्यमंत्री से मिले लेबर फेड हरियाणा के चेयरमैन

पूंडरी। लेबर फेड हरियाणा के चेयरमैन देवेंद्र पांचाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश की श्रम एवं निर्माण सहकारी समितियों के हितों, उनके सशक्तिकरण तथा सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने श्रम एवं निर्माण सहकारी समितियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, उनकी वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की कार्ययोजना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। साथ ही समितियों के हितों की रक्षा, उन्हें अधिक प्रभावी बनाने तथा रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने संबंधी सुझाव भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। मुख्यमंत्री ने विषयों पर सकारात्मक चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार श्रम एवं निर्माण सहकारी समितियों के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### खून की कमी से बचाव के प्रति किया जागरूक

पूंडरी। भारत विकास परिषद शाखा की ओर से गुरुनानक पब्लिक स्कूल फरल में विद्यार्थियों के लिए फ्री एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य किशोर एवं किशोरियों में एनीमिया (खून की कमी) की समय रहते पहचान कर उन्हें उचित परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाविप के अध्यक्ष विनोद बंसल, सचिव रविकांत गर्ग, कोषाध्यक्ष राहुल सिडाना, महिला प्रमुख इंदु शर्मा, सह प्रमुख निशु सिंगला, आनंद जांगड़ा, प्रवीण बंसल, नवीन टाया तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋतु बंसल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

### दिव्यांग बच्चों को एड्स एंड अप्लायंसेज वितरण समारोह

कैथल। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूण्डरी में प्रधानाचार्य गिरधारी लाल की अध्यक्षता में दिव्यांग बच्चों को एड्स एंड अप्लायंसेज वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक पूण्डरी के सभी दिव्यांग बच्चों को जिन्हें एड्स एंड अप्लायंसेज मिलने हैं उन्हें बुलाकर टीएल किट ,प्राइस साइकिल व्हीलचेयर आदि उपकरणों का वितरण किया गया। इन उपकरणों में दिव्यांग बच्चों की गतिशीलता और उनके सीखने की क्षमता को बढ़ाने के लिए इनका उपयोग घर पर किया जाए । सुनील ने भी दिव्यांग बच्चों के एड्स एंड अप्लायंसेज वितरण समारोह में जाकर बच्चों के माता-पिता से बातचीत की ताकि बच्चों को आगे बढ़ाया जा सके। इसमें स्पेशल टीचर अमित, नीतू व सतपाल भी रिटर्न समझ में अपनी भूमिका निभाई।

### संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से विचार-विमर्श

पूंडरी। पूंडरी ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन अर्चना शर्मा ने भाजपा महिला मोर्चा कैथल की जिला सचिव निधि मोहन के निवास पर शिष्टाचार भेंट की। आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास, जनकल्याण, महिला सशक्तिकरण तथा संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने समाजहित में मिलकर कार्य करने तथा जनसेवा को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी विचार सांझा किए। निधि मोहन ने अर्चना शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों और संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय से विकास कार्यों को नई गति मिलती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए निरंतर जनसंपर्क तथा संवाद आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### आज डीसी को ज्ञापन सौंपेंगी खाप पंचायतें

**जींद।** जींद जिले की खाप पंचायतें हांसी के चैनत में चल रहे धरने के समर्थन में शुक्रवार को डीसी को ज्ञापन सौंपेंगी। सर्व खाप पंचायत मंडल जींद के महासचिव एवं माजरा खाप पंचायत के प्रधान गुरविंदर सिंह सिंधु ने बताया कि हांसी में चल रहे आंदोलन का खाप पंचायतें समर्थन कर चुकी है। अनेक संगठन धरना पर बैठे हुए हैं। धरना कमेटी के निर्णय के अनुसार तीन जुलाई को जिला मुख्यालय पर डीसी को खाप पंचायतों की ओर से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### नगर परिषद नरवाना इकाई ने की गेट मिटिंग

**नरवाना।** वीरवार को नगर पालिका राज्य कमेटी के आह्वान पर नगर परिषद नरवाना इकाई द्वारा नगर परिषद कार्यालय के सामने गेट मीटिंग में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता नगर पालिका इकाई नरवाना प्रधान बंटी बेदी ने की।

### भाकियू के पोस्टर फाड़ने की धमकी, जताया रोष

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल पोंकरी खेड़ी ने कहा कि एक जुलाई को भाकियू के कार्यालय में दूसरे संगठनों के शरारती लोग पहुंचे थे। उन्होंने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत व भाकियू के पोस्टरों को उतार कर फाड़ने की धमकी दी। कार्यालय में भाकियू के जिला महासचिव राजेंद्र पहलवान बीबीपुर ने विरोध किया।

### पोर्टल पर पंजीकरण के लिए किया जागरूक

**जींद।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सहकारी सप्ताह के तहत गुरुवार को जींद सहकारी चीनी मिल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मिल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शुगर मिल के प्रबंध निदेशक गुलजार मलिक ने की।

### बिजली संबंधी शिकायतों का होगा समाधान

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निपटारे के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत (फोरम) की बैठक प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाएगी।

### 4 जुलाई को 23 जिलों में स्वच्छता अभियान

**सीवन।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र के जन्मदिवस के अवसर पर 4 जुलाई को पूरे हरियाणा के सभी 23 जिलों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा तथा प्रदेश को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प दोहराया जाएगा। जिला स्तरीय टास्क फोर्स के जिला सदय ओम प्रकाश मुटरेजा ने बताया कि 4 जुलाई के अभियान में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

---

### विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी, यूजी कोर्स में ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी

# उच्चतर शिक्षा विभाग ने चौथी बार शेड्यूल में किया बदलाव

*अब विद्यार्थी 12 जुलाई तक अपने पसंदीदा संकायों में दाखिले के लिए कर सकते हैं आवेदन*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

यूजी कोर्स में आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग ने फिर से तारीख बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 12 जुलाई तक अपने पसंदीदा संकायों में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।पहले आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून थी और 10 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होनी थी। उच्चतर शिक्षा विभाग ने चौथी बार शेड्यूल में बदलाव किया है। वहीं आइटीआइ में भी 30 जून तक आवेदन की तारीख थी।

अब ट्रेड में चयन को लेकर तीन जुलाई से लेकर 15 जुलाई तक पोर्टल खुलेगा। कालेजों में यूजी कोर्स में सात मई से आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई थी, जो 31 मई तक चली थी। इसके बाद मेरिट लिस्ट को लेकर शेड्यूल जारी किया गया था, जिसके तहत 11 जून को पहली मेरिट लिस्ट लगनी थी। 31 मई के बाद आनलाइन आवेदन की तारीख को 15 जून तक बढ़ा दिया था। 15 जून तक आनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ाने के बाद उच्चतर शिक्षा विभाग ने मेरिट लिस्ट का भी शेड्यूल जारी किया था। उस समय 27 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होनी थी। 15 जून के बाद विभाग ने शेड्यूल में बदलाव करते हुए आनलाइन आवेदन की तारीख को 30 जून तक बढ़ा दिया था और पहली मेरिट लिस्ट अब 10 जुलाई को जारी होनी थी लेकिन कुछ संकायों में कम आवेदनों के चलते उच्चतर शिक्षा विभाग ने शेड्यूल में फिर से बदलाव कर दिया और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आनलाइन आवेदन की तारीख को 12 जुलाई तक बढ़ा दिया है। अब मेरिट लिस्ट को लेकर दोबारा से शेड्यूल जारी होगा। हालांकि इस बार कालेजों में बीए कला संकाय, बीए ज्योग्राफी, बीए हिस्ट्री, बीबीए, बीकाम, बीसीए, बैचलर आफ साइंस इन लाइफ साइंस जैसे विषयों में दाखिले के लिए मारामारी रहेगी। जबकि बीए इकोनामिक्स और बैचलर आफ साइंस इन फिजिकल साइंस में विद्यार्थियों की कम ही रुचि है। राजकीय पीजी कालेज में विभिन्न 13 संकायों में 2878 आवेदन आ चुके हैं।



जींद। राजकीय महाविद्यालय में आवेदनों की जांच करते स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

#### मेरिट लिस्ट के लिए फिर जारी होगा शेड्यूल

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने बताया कि कालेजों में कुछ संकायों में आवेदन कम आए थे। ऐसे में उच्चतर शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन आवेदन की तारीख को 12 जुलाई तक बढ़ा दिया है। मेरिट लिस्ट को लेकर फिर से शेड्यूल जारी होगा। पहले 10 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होनी थी। आनलाइन आवेदन की तारीख बढने के बाद विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने पसंदीदा संकायों में आवेदन कर दाखिला सुनिश्चित करें।

## राजकीय आईटीआई : दाखिलों में ट्रेड चयन का इंतजार खत्म

- 3 से 15 जुलाई तक कर सकेंगे ट्रेड चयन

**कैथल।** राजकीय आईटीआई में सत्र 2026-27 के दाखिलों के लिए आवेदन करने वाले हजारों अभ्यर्थियों का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार आखिरकार समाप्त हो गया है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने ट्रेड (कोर्स) चयन का शेड्यूल जारी कर दिया है। अब अभ्यर्थी 3 जुलाई से 15 जुलाई तक ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी पसंद की ट्रेड का चयन कर सकेंगे। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने लंबे इंतजार के बाद ट्रेड चयन (च्वाइस फिलिंग) का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विभाग की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार अभ्यर्थी 3 जुलाई से 15 जुलाई तक ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी पसंद की ट्रेड का चयन कर उसे लॉक कर सकेंगे। इसके बाद विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मेरिट तैयार कर सीटों का आवंटन किया जाएगा। गौरतलब है कि विभाग ने 2 जून से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी। शुरुआत में आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई थी, लेकिन तकनीकी कारणों और अभ्यर्थियों की मांग को देखते हुए इसे बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया था। हालांकि आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अभ्यर्थी ट्रेड चयन नहीं कर पा रहे थे, जिससे हजारों विद्यार्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। दरअसल, 12 जून से पोर्टल पर ट्रेड चयन का विकल्प दिखाई नहीं दे रहा था।

#### जारी हुआ शेड्यूल



राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी आनलाइन पोर्टल पर 3 से 15 जुलाई तक ट्रेड चयन कर सकेंगे। इसे लेकर निदेशालय ने शेडयूल जारी कर दिया है।

---



नरवाना। अतिरिक्त उपायुक्त श्रमिकों के साथ खुदाई व उठान कार्य करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## धरौदी से हुई वीबी जीरामजी योजना की शुरुआत : एडीसी

- एडीसी ने की अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय श्रमिकों के साथ तालाब से मिट्टी की खुदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने कहा कि वीबी जी रामजी योजना ग्रामीण श्रमिकों के जीवन सुधार में वरदान साबित होगी। इस योजना के लागू होने से श्रमिकों के रोजगार, आजीविका एवं आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार आएगा और साथ ही ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी। अतिरिक्त उपायुक्त वीरवार को उपमंडल के गांव धरोदी में आयोजित जिला स्तरीय वी बी जी राम जी योजना के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त ने इस अवसर पर अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय श्रमिकों के साथ तालाब से मिट्टी खुदाई व उठान के कार्य में शामिल होकर योजना का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि विकसित भारत गारंटी फोर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण यानी वीबी जी राम जी योजना एक जुलाई से पूरे भारत भर में शुरू हो चुकी है। जिला जींद में धरोदी गांव से इसकी शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए यह योजना ऐतिहासिक और अत्यंत लाभप्रद है। पहले से संचालित मनरेगा योजना को संशोधित कर सरकार द्वारा वीबी जी राम जी के रूप में विकसित और व्यापक रूप दिया गया है। इसके तहत श्रमिकों के हितों को और अधिक प्राथमिकता दी गई है। योजना के अंतर्गत अब ग्रामीण श्रमिकों को 100 दिन की बजाय 125 दिन सालाना रोजगार की गारंटी होगी। योजना के दायरे को और बढ़ाया गया है।

#### भत्ता भी मिलेगा

अतिरिक्त उपायुक्त ने आगे बताया कि योजना के तहत यह भी प्रावधान है कि मांग के अनुरूप काम न देने की स्थिति में श्रमिकों को निर्धारित समय के लिए रोजगार भत्ता भी दिया जाएगा। यह योजना आज पूरे भारत में एक साथ शुरू की गई, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और विकास कार्यों को नई दिशा देने का उद्देश्य रखा गया है। जिला स्तर पर इस कार्यक्रम को ग्रामीण परिवेश में आयोजित करना इस योजना की प्राथमिकता को दर्शाता है। क्योंकि यह योजना विशेष रूप से गांवों के विकास और वहां के निवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने से जुड़ी हुई है।

---

## विधायक के संज्ञान में आते ही समस्या दूर

- सीवरेज का ढक्कन धंस गया था, परेशानी दूर होने पर वाहन चालकों ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

उचाना कलां अंडरपास से होकर उचाना कलां की ओर जाने वाली सड़क पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के आगे सड़क के बीच सीवरेज का ढक्कन धंस जाने से वाहन चालकों में हादसे का डर बना हुआ था। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थान दुर्घटना का कारण बन सकता था।

भाजपा नेता राजू शर्मा ने समस्या को विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के संज्ञान में लाया। शिकायत मिलने के अगले ही दिन धंसे हुए ढक्कन का स्तर सड़क के बराबर कर दिया गया, जिससे वाहन चालकों को राहत मिली। सत्यवान, मांगेराम, अशोक, ब्रह्मजीत और बिंद्र ने कहा कि देखने में यह समस्या भले ही छोटी लगती हो, लेकिन सड़क के बीच ढक्कन धंसा होने के कारण तेज गति से गुजरने वाले वाहनों, विशेषकर दोपहिया चालकों के लिए यह बड़ा खतरा बना हुआ था। समय रहते समस्या का समाधान होने से संभावित दुर्घटनाओं पर रोक लगी है। जन स्वास्थ्य विभाग के जेई विनय ने बताया कि सीवरेज ढक्कन का स्तर सड़क के बराबर करवा दिया गया है। विभाग आमजन की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने देगा।





उचाना। उचाना कलां अंडरपास पर पहले सड़क पर सीवरेज के ढक्कन के धंसने से बना गड्ढा व मरम्मत के बाद सड़क के बराबर हुआ सीवरेज का ढक्कन। फोटो : हरिभूमि

### आज सीनियर हरियाणा नेटबॉल स्पर्धा का ट्रायल

**कैथल।** नेटबॉल एसोसिएशन ऑफ डिस्ट्रिक्ट कैथल के अध्यक्ष अशोक सहारन ने बताया कि 20वीं सीनियर हरियाणा राज्य नेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुषों और महिलाओं ) का आयोजन हरियाणा खेल विवि राई सोनीपत में 4 से 5 जुलाई, 2026 को किया जाएगा। इस में कैथल की दोनों वर्ग की टीमें भाग लेंगी। दोनों वर्ग में टीमों के लिए ओपन ट्रायल 3 जुलाई को शाम 4:00 बजे इंदिरा गांधी पब्लिक स्कूल, कैथल में होगा। ट्रायल के समय खिलाड़ियों को नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की रजिस्ट्रेशन नंबर स्लिप व आधार कार्ड की मूल प्रति और फोटोकॉपी साथ लानी होगी। खिलाड़ी चैंपियनशिप से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कैथल प्रभारी शिव भोला से संपर्क कर सकते हैं।

## स्कूल में सोलर पैनल का उद्घाटन

- पेंटिंग प्रतियोगिता हुई, विजेता बच्चे किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

राजकीय माध्यमिक विद्यालय किशनपुरा में हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा सोलर पैनल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सोलर पैनल के उच्च अधिकारी अनुज मेहरोत्रा, अनिमेष कुमार, विनोद कुमार, अकाल, तेजपाल सिंह, अमित कुमार, ग्राम पंचायत किशनपुरा विद्यालय प्रबंधन समिति व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस उद्घाटन समारोह में विद्यालय के छात्र व छात्राओं के द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सोलर पैनल सौर ऊर्जा विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को इनाम वितरित किए गए। जिला स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता के 12 विद्यालय के विजेता खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर। सौर ऊर्जा के विषय में प्लांट के अधिकारियों के द्वारा संक्षेप में विस्तार से बताया गया। हेड मास्टर सरताज के द्वारा ग्राम वासियों से अभिभावकों से विद्यालय में अधिक से अधिक दाखिला कराने का निवेदन किया गया। सभी ग्राम वासियों ने अधिक से अधिक छात्रों का विद्यालय में दाखिला कराने का आश्वासन दिया है।



जींद। होनहार बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

---

## फर्जी ऑनलाइन निवेश गिरोह का सदस्य काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जींद पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत थाना साइबर क्राइम टीम ने फर्जी ऑनलाइन निवेश गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम जींद के प्रभारी उप निरीक्षक जगदीप सिंह ने बताया कि दनौदा खुर्द निवासी सुमित कुमार ने 24 अप्रैल को दी शिकायत में बताया था कि वह इंस्टाग्राम पर एक विज्ञापन के संपर्क में आया। जिसके माध्यम से उसे एसएमसी रिसोर्स शेयरिंग ग्रुप में जोड़ा गया। बाद में उसे एक्सक्लूसिव सर्विस ग्रुप से नामक दूसरे व्हाट्सअप ग्रुप में शामिल किया गया और मुनाफे का लालच दे उससे अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग बैंक खातों में कुल 16 लाख 40 हजार ले लिए गए। कुछ समय बाद जब उसने पैसे निकवाने कि कोशिश कि तो उन्होंने ओर पैसों कि मांग की। जिस पर उसे ठगी का अहसास हुआ।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित आशीष।

## एआई मिशन से विकसित बनेगा भारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाला ने भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक और इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी मंत्रालय द्वारा लाइसेंस जारी करवा कर विकसित भारत के लिए एआई मिशन की शुरुआत की है। कंपनी के मुख्य कार्यालय का सेक्टर 38 चंडीगढ़ में उद्घाटन किया गया। कंपनी के सीएमडी सरदार राहुल सिंह गिल ने राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाला का जोरदार स्वागत किया। राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2047 में विकसित भारत विश्व गुरु बनेगा। उसे मूर्त रूप देने के लिए एआई मिशन मुख्य रूप से काम करेगा। हेड ऑफिस में गवर्नमेंट ऑफिसेज व सभी प्राइवेट कॉर्पोरेट कंपनी का डाटा कलेक्ट होकर सेफ रहेगा। एआई कोचिंग सेंटर में बेसिक डिप्लोमा और व पूर्ण डिप्लोमा की शिक्षा दी जाएगी। अमरगढ़ वाला ने बताया कि छात्र बारहवीं करने के बाद एआई से जुड़कर आगे बढ़ सकते हैं, वहीं खुद नौकरी करने की जगह रोजगार पैदा करेंगे। कंपनी के सीएमडी राहुल सिंह गिल ने बताया अभी कुछ समय बाद कंपनी के मार्ट स्टोर पूरे देश में खुलेंगे। कमांडर ने बताया कि अब तक भारत अपना डाटा कलेक्शन के लिए बहुत मोटा पैसा विदेशों में देता था आज भारत अपने दम पर यह कार्य शुरू कर रहा है।



नरवाना। राजेन्द्र गुप्ता को गुरु गोविंद सिंह का चित्र एवं तलवार भेंट करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## कलायत के प्राचीन कपिल तीर्थ पर सुंदरीकरण का कार्य शुरू



**कलायत।** कलायत में प्राचीन कपिल मुनि तीर्थ के सुंदरीकरण का कार्य जन सहभागिता से धरातल पर शुरू हो गया है। श्री कपिल मुनि तीर्थ कमेटी के माध्यम से पहले चरण में तीर्थ के गंदे पानी की निकासी की गई। अब तीर्थ में उगी जंगली वनस्पतियों व तीर्थ की गाद को दुर्गम स्थलों से मशीनों से बाहर निकालने का कार्य गतिमान किया गया। जगह-जगह से टूटी एवं धंसी दीवारों के कारण अव्यवस्थित हुए तीर्थ परिक्रमा मार्ग को बहाल करने का प्रयास हैं। श्री कपिल मुनि तीर्थ कमेटी प्रधान राजू कौशिक ने बताया की नगर के लोगों के सहयोग से तीर्थ के सुंदरीकरण का अभियान शुरू किया गया है। तीर्थ से पानी की निकासी का कोई प्रबंध न होने के कारण समस्या गंभीर बनी रही है।

---

### हाइड्रोजन ट्रेन का जींद-रोहतक ट्रैक पर हुआ ट्रायल

**जींद।** हाइड्रोजन ट्रेन का वीरवार को जींद से रोहतक रूट पर ट्रायल किया गया। ट्रायल के दौरान ट्रेन ने तीन चक्कर लगाए। जिसमें गति 80, 90 व 100 की स्पीड रही। वहीं वीरवार को डीआरअम पुष्पेश रमन त्रिपाठी के आने की भी संभावना है। पिछले एक सप्ताह से हाइड्रोजन ट्रेन का हाई स्पीड ट्रायल जारी है। इससे हाइड्रोजन ट्रेन का बुधवार को रोहतक रूट पर ट्रायल किया गया। इसमें से एक चक्कर जींद से चक्कर किलाजफरगढ़ तक था और दूसरा चक्कर जींद से रोहतक के बीच लगाया। इसमें से जींद से रोहतक तक किए गए ट्रालय में ट्रेन 110 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चली। वहीं दूसरे चक्कर में 115 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से लगाया गया। जबकि पिछले सप्ताह शुक्रवार को ट्रेन को दिल्ली सब्जी मंडी ले जाया गया। वहां सब्जी मंडी और सोनीपत के बीच 85 से 120 के बीच अलग-अलग स्पीड पर ट्रायल किया गया। वहीं शनिवार को दूसरे दिन सोनीपत दिल्ली सब्जी मंडी के बीच चार चक्कर लगाए गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय ने स्कूली बसों की जांच के लिए चलाया अभियान

# सफीदों क्षेत्र के दो निजी विद्यालयों की 35 बसों की हुई जांच, सभी मानक मिले पूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय ने ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद स्कूली बसों की जांच अभियान गुरूवार से शुरू कर दिया। अभियान के दौरान टीम ने सफीदों क्षेत्र के दो निजी स्कूलों की 35 बसों की जांच की। इस दौरान सभी मानक पूरे पाए गए। जिसके चलते कोई चालान नहीं हुआ। गौरतलब है कि सप्ताह में हर गुरूवार को जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय टीम स्कूली बसों की जांच को लेकर अभियान चलाती है। जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमें जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय से इंस्पेक्टर, एमवीआई, ट्रैफिक पुलिस से सब इंस्पेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाता है। जांच के दौरान बसों में सुरक्षा मानकों की जांच की जाती है। गत 22 मई को टीम ने स्कूली बसों की जांच की गई थी। इस दौरान पांच स्कूलों में 16 बसों की जांच की गई। चार बसों में सीसीटीवी कैमरा, फायर सिलेंडर व फर्स्ट एड बाक्स नहीं मिलने पर छह हजार रुपये का चालान किया गया था। स्कूलों में 25 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित हो गए थे। इसके बाद से बसों की जांच का अभियान रुक गया था। जिले में 350 से ज्यादा निजी स्कूल हैं। इसमें एक लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बसों में एक सहायक भी तैनात होता है। इसके अलावा बस में जीपीएस व सीसीटीवी कैमरे भी लगे होना अनिवार्य होते हैं। बस का परमिट व चालक के पास हैवी लाइसेंस जैसे कागजात भी जरूरी होते हैं लेकिन प्राइवेट बस चालक कई बार इन नियमों का पालन नहीं करते।



जींद। निजी स्कूल बसों की जांच करते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### किसी भी बस का नहीं कटा चालान

जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय के निरीक्षक बलजीत सिंह ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद गुरूवार को सफीदों क्षेत्र के दो निजी स्कूलों की 35 बसों की जांच की गई। इस दौरान सभी मानक पूरे पाए गए। जिसके चलते कोई चालान नहीं हुआ है।

### टूटी पाइप लाइन को ठीक करना भूले अधिकारी

**पाई।** पाई में किसी भी समय पेयजल की सप्लाई प्रभावित हो सकती है, जिसका मुख्य कारण टूटी पाइप लाईन ठीक न करना है। ग्रामीण महावीर, दिलबाग, नरेंद्र, राजेश आदि ने बताया कि पाई में जाखौली माइनर से पाइप लाईनों के माध्यम से जलघर तक पानी आता है। उसके बाद एकत्र जल को गांव में सप्लाई किया जाता है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व जब तेज हवा के साथ बरसात हुई थी तो उस समय एक सफेदे का वृक्ष उखड़ कर पाईप लाईन पर गिर गया था। जिससे पाईप लाईन टूट गई थी। उन्होंने यह भी बताया कि वैसे भी ये पाईप लाईन बहुत पुरानी थी और कई जगह से इसमें छेद भी है। जर्जर होने के कारण यह वृक्ष के दबाव को सहन नही कर पाई।